# BIJENDRA PUBLIC SCHOOL

**Class : 2** **Subject : HINDI (C.B.)**

## पाठ – 1 प्रकृति का संदेश

1. शब्दार्थ–

| | | |
|---|---|---|
| पर्वत | – | पहाड़ |
| शीश | – | सिर |
| सागर | – | समुद्र |
| मृदुल | – | कोमल |
| धैर्य | – | हिम्मत, साहस |
| नभ | – | आकाश |

2. दिए गए प्रश्नों के उत्तर बताइए–

क. पर्वत क्या कहता है?

उत्तर– पर्वत शीश उठाकर बड़ा बनने के लिए कहता है।

ख. उठती–गिरती तरल तरंगें क्या संदेश देती हैं?

उत्तर– उठती–गिरती तरल तरंगें मन में कोमल व मीठी उमंग भरने का संदेश देती हैं।

3. दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए–

क. सागर क्या कहता है?

उत्तर– सागर मन में गहराई लाने के लिए कहता है।

ख. पृथ्वी हमें क्या संदेश देती है?

उत्तर– पृथ्वी हमें धैर्य न छोड़ने का संदेश देती है।

ग. नभ हमें क्या कहता है?

उत्तर– नभ हमें उसकी तरह सारा संसार ढकने को कहता है।

4. मूल्यपरक प्रश्न:

प्रकृति से हमें क्या शिक्षा मिलती है?

उत्तर– प्रकृति से हमें बड़ा, कोमल और धैर्यवान बनने तथा संसार में अपना नाम कमाने की शिक्षा मिलती है।

5. सही विकल्प पर सही (✓) का चिह्न लगाइए:

क. पर्वत कैसा होता है?

✓ऊँचा समतल छोटा

ख. सागर की तरंगें कैसी होती है?

कोमल ✓तरल समतल

6. निम्नलिखित पंक्तियाँ पूरी कीजिए:

भर लो भर लो अपने मन में<br>
मीठी–मीठी मृदुल उमंग।